सुन लक्ष्मीप एक ना मानौ। जग महं सुखी न एकौ जानौ॥
वो वहि बीच जगत के आवा। काल के जाल बसै अरुझावा।
माखिन बुधि लावै बन माहां। लीन न छुवय धुवांदे ताहां॥
दीन जहां लग राजा रानी। काल के जाल बसै अरुझानी॥
सावज रहै जो घास उधारा। तेहिधर गजा रेतकै मारा॥
पंखी भाग रहे बनमाहीं। ताहि व्याध मोरे ततखाहीं॥
मय रही जल माटी कहाई। तेहिगिर कातकै भूक बनाई॥

जगमेंभिख पावा कवन मनमा करो विचार।
सखी बिधाता आपही देखा सब संसार॥

जो हुसपर बांधै सब भीरा । यक दिन देव लगावै तीरा ॥
चले जाव तुम मूये माहां । चाहे दिवस फिरै तो ताहां ॥
सोच करो जिन मालिक मीरा । करो अबहिं निबाह तेहि केरा ॥
अबहीं आय संग तो पासा । पुनि कहुं जाय करो अब बासा ॥
जो जेहि के जस लिखा लिलारा । सो सो भय को मेटनहारा ॥
तब गहि लीन हंस की बाहीं । राखा हाथ शीश उपराहीं ॥
आये हंस जो देश पराये । भूल्यो जन यह बचन हमारे ॥

जाय के हंस बिदेश महँ चारि वचन सिखि लेव ।
ताहू महँ दुइ भूलियो दुइ सुमिरन चितदेव ॥

भूल्यो तुम जो धरमहि कीन्हों । अयसन जान्यो मैं कुछ दीन्हों ॥
दीन हार सो वह करतारा । दूसर का कोइ देय बिचारा ॥
भूल्यो जो अधरम कहुं देख्यो । कियो न कतहूं मनमहँ लेख्यो ॥
जेहि कर पाप सो तास कहाई । जो तुम किहो सो माथे आई ॥
सुमिरत रहो काल की घड़ी । जो पल पल है आगे खड़ी ॥
सो अस जान पाप जिन कीन्हो । काल घड़ी तेरे तन चीन्हो ॥
सुमिरत रहो नाम करतारा । जेहि सुमिरै पावै भवपारा ॥

सुमिरि दास करतार कह काले जाय भुलाय ।
जगतडरै सब काल कहँ तुम किनकाल डराय ॥

सत्य ना तजो गाढ़ जो पड़ै । सब ते गाढ़ कठिन जो डड़ै ॥
तज तेहि धर्म भोग के बाहां । धर्म जो करै दोऊ जग माहां ॥
दया न तजो जन्म जो पावा । प्रेम चाह ते अजस लगावा ॥
करब न केऊ द्रव्य के पाये । मा जग भ्रमर गर्भ निधिआये ॥
क्रोध न कियो होय जेहि राजा । क्रोध ते आपन होय अकाजा ॥
झूठ न कहो पाय कछु आशा । झूठहि करै धर्म की नाशा ॥

प्रेम न तजै कहीं दुख होई। दया ते मीत विधाता होई॥

धैलन मन पानी भरै नरक बूंद पड़जाय।

नरक हरत पानी बसै खेलत लेत नशाय॥

देख्यो वचन न भूल्यो भाई। जो चाहौ तुम जगत भलाई॥

जाव सो रूम शाह के पाहां। दुःख जाय सुख बरसै ताहां॥

तब लै हंस चरण शिरनावा। भयो सुचित ज्ञान गुरुपावा॥

भा असवार छांड़ि जो पहारा। चला रूम का पंथ सँवारा॥

अस वह देश बसा निरमला। पंथी पंथ जाय तेहि चला॥

निशि दिन चलै पंथ मा जाहीं। कहुं उपास कहूं कुछ खाहीं॥

कहुं उजाड़ कहूं बड़ गाऊं। देखत चले जायँ सब ठाऊं॥

बरस दिवस ना थिररहे चलेगये दिन रैन।

पहुंचेजाय सो रूममहँ तबहिं भये मन चैन॥

मन्दिर सो एक कह्यो करलीना। जाय बसेर तहां पुनि कीना॥

दिन दशमहँ यह भयो बखाना। सबै अमीर शाह पुनिजाना॥

अनवर खिलखीं जो सुनिपावा। भा असवार भेंट का आवा॥

देखा जन्म भूमि कर राजा। नावाशीश हुलासि मनसाजा॥

मिला जो धाय कुशल सब पूंछा। आयो कैस देशकर छूंछा॥

अर्थ पूंछिकर मन पछितावा। कहा चलौघर आपन आवा॥

वेगि तुरय सुखपाल चढ़ावा। सेवाकर मन्दिर लै आवा॥

सिंहासन बैठारि कै सेवा कीन सोवास।

तबलगश्रामो हंस का सुना महमदसुल्तान॥

सुनाजो हंस बलख तजिआवा। सुनतहि सब उमराव पठावा॥

आये सबै हंस के पाहां। शीश नवाय कहा पुनि ताहां॥

आज तुम्हें सुल्तान बोलावा। चलो वेगि जो आयसु आवा॥

तब मन पूंछि जो कीन हुलासा। गुरुकर वचन आन परकासा॥
से सब मीत बैठि असवारा। चला सो बैठिकरन दरबारा॥
जाय सो पँवरिमांझ मग दीन्हा। सातौं पवँरि नांघ सो लीन्हा॥
देखी मार कनक चहुं ओरा। ठाढ़ी सैना मिली न ओड़ा॥

कनक कोट सीढ़ी सबै रतनन जड़े कुबेर।
मांझ सिंहासन ताहि की ताते अधिक उजेर॥

बैठा आन आप सुलताना। निरमल रूप जगतकर भाना॥
जे उमराव मीर जिनताई। करजोड़े ठाढ़े तेहि ठाईं॥
गयो हंस अनवर के साथा। जाय निकट होय नायो माथा॥
लखि सुलतान मोहि मन गयऊ। तन मन मोहि रूप बशभयऊ॥
कर हुलास पुनि पास बोलावा। हिये लगाय निकट बैठावा॥
पूछा की हम कस व्यवहारा। कस छांड्यो घर देश तुखारा॥
तबै हंस सब बरन सुनावा। जस घर छूट रूम महँ आवा॥

भा प्रसन्न सुल्तान सुनि धराशीश पर हाथ।
तब से खावन्ह मंदमय छत्र फिरा दिन रात॥

अब तो राज रूम कह करौं। आपन छत्र शीश तोहि धरौं॥
मैं तोहिका आपन सुतकीना। सेवन छत्र पाट के लीना॥
कहि यह वचन दीन गुरुमाला। कृपा कीन भय कोटि रसाला॥
पुरुषन दीन महापहिरावा। सुबस दीन औ खड्ग बँधावा॥
हाथी घोड़ दीन सुखपाला। द्रव्यदीन और कीन निहाला॥
आपन साज दीन सुलतानी। कीनतुरन्त जो आपन आनी॥
मोतीमहल रहन को दीना। अनवर मीर को सेवक कीना॥

धनकरता प्रभु जगत के धन्य तो अर्थभँडार।
लीनो लगै न बार कछु देतो लगै न बार॥

निकसा हंस पहिर पहिरावा। चला मँदिर जहँ वासा पावा॥
चले जो साज शाह सुल्तानी। भाग अतून पड़े नहिंजानी॥
बैठा जाय मँदिर मँझियारा। देखै जस दरपन उजियारा॥
महल सराय बनी चहुं पासा। बरन बरन के बने अवासा॥
बरन भूमि सो लिये हलोरा। माणिक रूम सो भूलहिंडोरा॥
रची बार बैठक चौपारी। लागी भांति भांति फुलवारी॥
तहां सो लीन जायके वासा। मँदिर देखि मन कीन हुलासा॥

बैठिजाय घर भीतरे दुख दारुण गा धोय।
करौं बेगि निरमल तुम्हें ज्योति भई है सोय॥

बैठे पाट मँदिर के ताहां। अर्थ भण्डार भरे पुनि ताहां॥
बैठे भेटक सेवक चेरे। एक सो एक स्वरूप उजेरे॥
बहुत सखिन सुल्तान पठाईं। हंस कि सेव करन सब धाईं॥
जे उमरावगन सब आवैं। सेवा करनिन आयसु धावैं॥
ठाढ़ रहैं सेना दरबारा। मिलै न कतहूं बार दुवारा॥
दूज देश बहुत के पावा। राव पुरुष सब शीशनवावा॥
भयो जो हंस रूप सुन बारा। लागे लाग राज दरबारा॥

हस्ती घोड़ा एकमैं कटक असूझ अपार।
ठाढ़रहै दिन रैन तहँ मिलै न बार दुवार॥

अति सुल्तान मया जो कीना। आपनचाह अधिक करदीना॥
करै न छिन बैन ते पूरे। रुकै सुलाल नयन मा पूरे॥
कबहूं आप थान चलि आवै। कबहूं अपने पास बोलावै॥
गयो पराण हंस ते लागी। मारन हंस रह्यो बैरागी॥
भयो जो हंस रूपपुन बारा। गयो भुलाय सो देश दुवारा॥
लाग्यो चाह देश की लहई। औ पुनि दान जगत को दई॥

भा सो सुखी सभी सुख दीना। जिनसुखकहाअधिकतसकीना॥
दान देतभा ऊंच सो भयो सो जगत बखान।
जो दुख दीन लोभान तिन का दुख पूरनआन॥
नारि पुरुष ते सबै लोभाना। घरघर तेहिकर करैं बखाना॥
मोहे संगी सब सुलतानी। मोहे राज राव औ रानी॥
मोहे पुरुष रहे जो सेवा। लीनन द्रव्य दाश के लेवा॥
चहुंदिशि होय निकसे असवारा। करे जोहार सकल संसारा॥
दिये अशीश सबै दुनियाई। सदा रखै यह ठांव गोसाई॥
सब जग दानदिये बिन मांगे। जिन असजन्मदीननहिंखांबे॥
घट घट मेरे गयो समाई। कोउ नहिं कहै कभूं कहुँ जाई॥
बरसदिवससो बीत अस तबलगभा असखेल।
गयो मांझ फुलवारि वह सो दिन लगे अकेल॥
सपना दुष्ट पड़ा पुनि माहां। देखै अहो कहूं घर माहां॥
रचा मंदिर कैलाम सिधारी। फूलन बीच रची फुलवारी॥
दुलहिन वरण चन्द्र अस नारी। थोड़ी बैस बदन सुकुमारी॥
सिंगार सोलहो अभरन साजे। गुंजत भ्रमर बीच सो मांझे॥
शीशमेंअधिकज्योतिउजियारी। आयगई भीतर सो नारी॥
देखांते हंसभयो अरझाना। गयोमोहि जो प्राणलोभाना॥
लीन्हे भोग सो कनक कटोरी। पिव पिव ठाढ़ि करैकरजोरी॥
बांह गही पुनि हंसकी लीन निकट बैठाय।
कही भोग भावै तुम्हैं जो तुम दीन खवाय॥
तब लागी वह भोग खवावे। औ आंचर ते वायु डोलावे॥
इके कौर प्रेम रस दीन्हा। गयो लोभाय प्राणवश कीना॥
कोकिल सम बोली सकुचाई। चमकी दशन जबहिं मुसकाई॥

हमैंछोड़ि पियाआन न कीनो। आज कियो तैसे नितकीनो ॥
कह यकमाणसों तुम मनलीना। दूसर कहा चहूं कहँ दीना ॥
हुलसि जो बीन हिये मनलाई। तबलग जागिपड़ा दुखआई ॥
देखी जागि सेज नहिं नारी। वही सुपाट वही फुलवारी ॥

शोच आग उपजी तुरत उमड़े भरजल नैन।
सूरत कहां हेरान यह कहांगये वह मैन ॥

मनमा शोच कहां अब जाऊं। पूंछ लियों मैं नाव न ठाऊं ॥
कबहुं स्वर्गकी कबहुँ पतारा। कबहुँ भूमि की कबहुँ पहारा ॥
कबहुँ सिंघकी है बनमाहां। हीरन फँसे पाइ यों ताहां ॥
कहां गयो कैलास अनूपा। कहँ वह गई हसीन स्वरूपा ॥
कहां सो भोजन कर सों चाखा। कहां सो शब्द कोकिल भाखा ॥
को अब वह जो जाहि बतावै। को काया ते प्रान मिलावै ॥
दुख अपार सो रोवन लागा। भूला सुख उपजा बैरागा ॥

कासिम आगी विरह की पड़ी बहुत तन धाय।
दहकी विरह झकोर बहु अबकेहि बार बुझाय ॥

कालदशा दीनो विष खाई। रूम बलख सब गयो भुलाई ॥
बैरी अस लागैं सब बनिता। छुटिगइ देश नगरकी चिन्ता ॥
रह गइ एक सूरत नहिं पासा। छुटिगा भोग सबै सुखवासा ॥
निशिदिन जाय थान पुनि सोई। पड़ै न दृष्टि उठी पुनि रोई ॥
देखि उदास भा रूम उदासा। करैं अन्देश कहा मन बासा ॥
पूंछै उतरदेय नहिं सोई। का जानै काकी को होई ॥
सगरी मीर प्राण पुनि सोगू। औषधि दूरि न पावै रोगू ॥

सपने दरश दिखायके दीन हिये दुखदाह।
कासिम विरह सचार भा कहता हिये उगाह ॥

कहूं जो कहता अहै जस होनी। जहां चैन वह नार सलोनी ॥
अब यह काह बिचार कीना। उदय बार जन्म तस लीना ॥
आवागमन देशकर राजू। उनहे मात पिताकर साजू ॥
जिन सपने महँ दरश दिखावा। कहूं कता जिसभयो मिलावा ॥
सपने सखा दरश उजियारा। सो भा जन्म चैनऔतारा ॥
अधिक भाव भक्ति जिन कीना। अधिकदियो नहिं दुःखदरीना ॥
हंस रूप लखि भयो उदासा। जयसो होन विरह ओकासा ॥

जेहि विधि सो सुखवो मिली भयो विरह परतन्त।
तौन कथा अब गावऊं जन्म मरण सो अन्त ॥

बरनौ चैन जहां मन बासा। जहां वहज्योनितहां की आसा ॥
काबरनौ तिहुअन की शोभा। जो कोउगो अथान सो लोभा ॥
राजा राव सबै तहँ दाता। देश न सीत फूल जिन राता ॥
बीझावन तहँ अमृत फूले। योगी पिता बहुत तहँ भूले ॥
हरियर लहक रहे तहँ शाखा। पंखी यान बोलैं बहु भाखा ॥
सरवर भरे सो लेन हलोरा। कनक पखान बांध चहुँओरा ॥
आवें फिरें चीन की नारी। सागर तीर जहां फुलवारी ॥

योगी थान भुलान सो बहुरि फिरानहिंकोय।
देखे भोगी जन्म सुख फूलरहे तहँ सोय ॥

बरनो जैस नगर उजियारा। लागि रहे नित हाट बजारा ॥
आवें तहां भरन पनिहारी। भूलें कोट औ देखि बखारी ॥
कतहूं चढ़ाय नाच नचावें। कहूं सुरस वा नाटक लावें ॥
कहूं भगवती भेष जो कीन्हे। कहूं गहकटा सो फांसी दीन्हे ॥
कोउ नचाय मिरदंग बजावें। कहुं मरकट बहुभांति देखावें ॥
कहूँ भेदिया बांसन चढ़ै। कहुं सुबसवा कंचन मढ़ै ॥

कोइ भोला सो बंसो अरंगा। मोल हेराय भये तेहि संगा॥
काहू वचन वसाहकी चला लाय तेहि संग।
काहू मोर गँवाय के भला सुवसवा रंग॥
ऐसी हट बसन उजियारी। बैठें तहां चतुर सुपियारी॥
सहस अनूपम बसत लुकाई। कोऊ लेय कोऊ पछिताई॥
काहेक फिरें औ शाह गँभीरा। बेचें मानिक मोती हीरा॥
एक तो सोच करें वन सांठी। एकतो लीनद्रव्य जेहि गांठी॥
एक बेसाहैं माणिक मूंगा। एकतो मूरख होय भये गूंगा॥
एक तो बहु लियो देखन हाटा। एक तो फिरें निहारत बाटा॥
एक भरे भर देश सिधावैं। एकतो हंस पुनि मोर गंवावैं॥
एक भरन कहँ आवहीं एक भरें लेवार।
एक लेय पहुँचे घरें एक ठगें बटपार॥
बरनो कोट जैस गढ़ बांका। लागअकाश जाय नहिंताका॥
चहूँ दिश फिरें अगम नथकाई। मथे समन्दर थाह न पाई॥
साजे कटक रचे चहुँ ओरा। खेलन अश्व सांझ औ भोरा॥
बांधे अश्व रहैं चहुँ ओरा। का जानैं कबहोय हंकारा॥
औजत साज रहै सुल्तानी। बरनि न जाय अहै जेहिबानी॥
निशिदिन डंक बजे दरबारा। उठइ इडोर होय झनकारा॥
नित घड़ियाली घड़ी बजावै। घड़ी घड़ी मनचेत डोलावै॥
भरी घड़ी बोलै जबै तब बाजै घड़ियाल।
गजर बाजिगा बावरे अबहूं चेत संभाल॥
आलम शाह तहां सुलताना। सो ठाकुरगढ़ ताकर थाना॥
सब गढ़पति तेहि शीश नवाऊं। वहिकीस्तुति निशिदिनगाऊं॥
जेहिकी राज करै सब कोई। तेहिकर गुन गावै सबकोई॥

कटक असूझ रहे नित साथा। नावैं सब प्रथमैं पुनि माथा॥
द्रव्य भंडार भरे नहिं घांकी। दहिनेहोय जो वह तय मांकी॥
भूमि अलोप भई धन छावै। जो गढ़पति गढ़ बाहर आवै॥
यकदिशि राय राव हिंदवाना। यक दिशि मीर रहैं तुरकाना॥

अयस साज साजै तहां करै जगत पर राज।
दाता वह सब जगतकर जगत बसै मुहताज॥

बरणों कोटि मांझ कैलासा। निरमल ठांव महासुख बासा॥
कनक मँदिर तहँ बहुतसँवारे। चुनि चुनि रतन तहां बैठारे॥
मलयागिरि चन्दन तहँ लावा। गजमोतियन तहँ चौक पुरावा॥
तेहिमा लागि बहुत फुलवारी। सदा भरे अमृत बहुबारी॥
सरिता चारि बहैं तेहि तीरा। भरें सखी तहँ कमलशरीरा॥
तहां बसै मुक्ताहर नारी। महासरूप से दई सँवारी॥
तेहि घर जन्म जवाहिर बारी। महासरूप महा उजियारी॥

जबते जनमी बार वह किरन छिटक चहुँपास।
मनहुँ चन्द्रमा गगन ते उतरा मधि कैलास॥

जबते जनमी मूरति गोरी। घर बाहर भै जोति उजोरी॥
बरणि न सकै कोऊ वह जोती। तीन लोक नहिं दूसर ओती॥
पदम सुवास सो वासय अंगा। भँवर पतंग फिरै तेहि संगा॥
पंडित वेद पढ़ै बहु भारी। चौदा विद्या सीखे सारी॥
पढ़े जो चारिउ वेद पुराना। रहा न वहि ते भेद छिपाना॥
कहै जो मीठा वचन अमोला। तीनों लोक लिये बिन मोला॥
खेलैं सखी साथ कैलासा। मात पिता त्रिय होय हुलासा॥

मोहनी मूरति सोहिये शुभ सोरा १६ सिंगार।
जग मोहन का परघटा लोग मांझ करतार॥

यक दिन चली लखन फुलवारी । लीने संग सखी सब बारी ॥
सबै सरूप कमलकी कोई । सब मूंदैं निकसै नहिं कोई ॥
का वरणौं जस रंग सहेली । कोइ गुलाब कोइ रंगचमेली ॥
कोइ कमला कोइ मालति गोरी । कोइ बेला मधुमालति भोरी ॥
कोइ चंपा कोइ कुन्द नवेली । कोइ हरसिंघार कोई असवेली ॥
जेहि जेहि वरण फूलफुलवारी । तेहि तेहि वरण बनी सबनारी ॥
पहिरे रंग कुसम रंग जोरा । झिलमिलचयनकुसुमरंगबोरा ॥

चला चन्द फुलवार ज्यों लिये नखत सब नार ।
पंखी देखि भुलान सुधि रहिगे पंख पसार ॥

चला चांद लेने संग तारा । मयमा सब देखै संसारा ॥
बिलमे जाय मांझ फुलवारी । धाईं सबै चहूंदिशि नारी ॥
मानहुँ चन्द्र किरण करधाई । सोहैं बरन बिरछ लरवाई ॥
डारन डार उपाथन पाता । पल्लव उठै जनो रँगराता ॥
सखी सो आप आपका धावै । तरु फूलन सब हीं अरझावै ॥
भटक गई जो सखी सहेली । रही जवाहिर ठाढ़ अकेली ॥
भरा थान जल सागर नीरा । ठाढ़ मनहुँ शशि तेहिके तीरा ॥

फुलवारी चारों दिशा पंछी सो मध्य हलोर ।
फूलरहे तेहि सर कमल मधुकर करें कलोर ॥

तहां ठाढ़ शशि कमल शरीरा । लहरैं लेय लाग जलतीरा ॥
हुलसि नीर जो लहर उठावैं । उमड़ै चरण चहूं का धावैं ॥
चकई बिछुड़गई वह बाटा । जानिरैनि लखि चन्द्रललाटा ॥
तजि फुलवारि भँवर उठिआये । कमल शीश गंजन सब छाये ॥
सारस शुक पंखी जिनताईं । निरखि जाय तजि भोगचराईं ॥
दादुर बैठि विहंगम पासा । दरशन देखि भभूयें वासा ॥

पवन लोभाय लिये तहँ मासा। विकसकली भइ बास सुवासा॥
रहैं लोभाने दरश सब पंखी पुनि फुलवार।
मेघ झिकोरैं तन उठैं श्याम घटा अँधियार॥
तेहि खन एक परी तहँ आई। चीर छोड़ कै लाग नहाई॥
छांड़े चीर जो सागर तीरा। पैठी आप धाय मँझ नीरा॥
तो शशि लीन सो धाय उठाई। देखत परी निकस तब आई॥
रहै जो आप रूप अभिमानी। देखि जवाहिर रूप छिपानी॥
आय निकट ह्वै मांगे चीरा। दिहौं चीर फिर बैठौं तीरा॥
मैं अब आन भयों वश तोरा। तिहूं विशुद्ध गये बुधि मोरा॥
तुमकहँ दीन जो अयस सँवारी। तो वश भयों गह्यौं सब हारी॥
कहा जवाहिर बिहँसि के चीर दिहो तुम लेव।
आपन अरथ बताव मोहिं सब वाचा मोहिं देव॥
कहूं अरथ जो पाऊं पयरा। बैठौं फेर कमल पद तयरा॥
बाचा कहूं सुनो सो मोरी। रहौं जन्म भर दासी तोरी॥
तो हँसि चीर दीन शशि गोरी। बैठी फिर दोउ आसन जोरी॥
मिलिकै कहा जो भेद उघारी। मैं तो परी परी की मारी॥
तब सुल्तान परिन का राजा। माथे मौर सबै का साजा॥
देश मोर सो नगर नगीना। सो तो काज सबै तज दीना॥
मैं संग रहौं सखन जस तोरी। कहौ न भेद मोर कहुँ गोरी॥
तबै जवाहिर उठि मिली लाय हिये मां अंग।
हम तुम गोइ जन्म की आज भइन यक संग॥
अब जनि सोच देशकर मानहु। देश हमार सो आपन जानहु॥
सखी मोर आहै सब तोरी। तुम सो बहिन जन्मकी मोरी॥
भय यक गात प्राण दोय गोरी। बरणि न जाय बनी जस जोरी॥

तबलग आई धाय सहेली। लीन जो भर फूलन की सेली॥
आई भर लीने सब हाथा। देखि सखी को दूसर साथा॥
केहु न लखा परी यह होई। है कोइ चीन नगर की गोई॥
कोइ उमराव केर यह बारी। बैठी कमल तीर उजियारी॥

तीर सहेली सागरा लीन जवाहिर वार।
सोह सहेली वरण बहु फूल मनहुँ फुलवार॥

भईं यक ठौर जो सागर माहां। लगीं अन्हाय बिहँसि सबताहां॥
सब पहिराव जो धरें उतारी। सागर मांझ पड़ै सब बारी॥
पैरैं धाय धाय सब नीरा। पंखी लज बैठे सब तीरा॥
खेलैं लाग चन्द्र लै तारा। देखा स्वर्गलोक पुनि सारा॥
सब अबला औ बारी भोरी। खेलैं खेल जो सांवर गोरी॥
कौतुक खेल करै जल माहीं। काली लट ऊपर पैराहीं॥
कमल कुमोद फूल यक तीरा। यह अचरज देखा मँझ नीरा॥

कमल कुमोदह गोरि सो मिलि करैं सरोवर केल।
मोहा सब शिवलोक लखि देखि कमल कर केल॥

करि स्नान पहिर पहिराऊ। भईं उताहिल मंदिर जाऊ॥
कहा जवाहिर संवरो गोई। लिहौ खेल जो खेलब कोई॥
भोर कहां आवो फुलवारी। जब सब जाव गवन ससुरारी॥
खेल लेव जो खेलव गोरी। जबलग रहौ पिता घर भोरी॥
अन्ते इहां रहब नहिं होई। कौन रहैं नइहर मा कोई॥
बारी बयस कहां पुनि पाउब। बयस गये कित खेलै आउब॥
भई हुलास खेलि दिन चारी। जबलग अहै पिता घर बारी॥

बहुरि कहां बालापनो कहां सखी सब साथ।
कहां अकेली पाउब भोर परब पराये हाथ॥

लै सब सखी बैठि फुलवारी। लागीं लेन फूल भर बारी॥
जहां जो अच्छा तहँ लिपटानी। सब रहे आप आप अरुझानी॥
कोइ अंगूर आप कर झोरै। कोइ महुवा कोइ पंड खजोरै॥
कोइ अमरुद कोइ खेनी सेवा। कोइदाड़िम कोइकिशिमिशमेवा॥
कोइ कमरख कोइ नारंग राती। कोइ गुल गुल अमृतकी जाती॥
कोइ बदाम कोइ दाख छोहारी। कोइनरियल कोइ लौंग सुपारी॥
कोइ कटहर कोइ बड़हर लीना। कोइ बेरी जामन चित दीना॥

कोऊ लीन ब्रजचन्द्र चढ़ कोऊ उनाई डार।
इच्छा भर पाई कोऊ कोऊ चढ़त गईं हार॥

लागीं फूल लेन सब कोई। जेहिके मन इच्छा जस होई॥
कोइ केवड़ा कोइ केतकी लीना। कोइ कली बेला चंपा लीना॥
कोइ केसर कोइ फूल चँबेला। कोइ गुलाब कोइ सेवती बेला॥
कोइ केसर कोइ चंपा मोही। कोइ कुन्द कोइ जाही जूही॥
कोइ रहमालति कोइगुललाला। कोइनरगिसकोइशोसनलाला॥
कोइ सुखदरशन केसर लिये। कोइ सिंगारहार चित दिये॥
कोइ चन्दन कोइ फूलनेवारी। कोइ फूली सेंवर तरभारी॥

लै भर फूल सहेलियां सबै भईं इक ठौर।
फुलवारीतजिनिकसि सब चलीं मँदिरकी ओर॥

चलीं जो बाग छांड़ि सबबारी। करि कलोल रंग खेलि धमारी॥
कोइ पहिरै गरे हार हमीला। पुनि कोइ हार फूल करि खेला॥
कोइ लीनी फूलन लौ लासी। कोइ माला पहिरै परगासी॥
लिये पहिर अभरण सब बारी। पैठीं मंदिर धाय मँझारी॥
हुलसैं सब मंदिर की नारी। देखी बरन बरन फुलवारी॥
मातैं लीन हिये मन लाई। हुलसी छाय न हिये समाई॥

तबलग घर आये सुल्ताना। देखौ फिर अमृत के आना॥
दृष्टिपड़ी बारी तबे लिहे फूल भर डार।
करो वह कितघर बाहिरे कस निकसी ये बार॥
देहौं अभी धौरहर बासा। औ सब सखिन रहैं तेहिपासा॥
फिर ना उतरि भूमि पर आवै। खेलै जाय न बाहर पावै॥
तब पायो धौराहर ऊंचा। जेहि नहिं पवन उवेश पहूंचा॥
रचि रचि सातो खंड सँवारा। बरन बरन सगरो उजियारा॥
पहिले खंड सुपारस लावा। पियर बरन कंचन दिखलावा॥
जो कोइ चढ़ै धरै वह पाऊं। कंचन होय छोट वह ठाऊं॥
दोज खंड हरियर जगदीशा। बहै पवन नित मेघ बरीशा॥
तीसर खंड अनूप अति रूप मंदिर उजियार।
दरशन जोथे खण्डमहँ दृष्टि पड़े संसार॥
पँचवां खंड महारति सारा। लागे रतन करै चमकारा॥
छठवां खण्ड अनूप सोहावा। मोतिन कर तहँ चौक पुरावा॥
सतवां खण्ड सबै उपराहीं। तेहिमेंअधिककोऊ जगनाहीं॥
बरणि न जाय अनूप अवासा। तेहिके तर सातौ कैलासा॥
हीरा लाल अनीट तिनलाये। दै दै गार कपूर कलाये॥
कनक खम्भ विचित्र तहँ ठाढ़े। चुनिचुनिरतनयतन गढ़काढ़े॥
मोती औट चूंन भुइ लावा। समुद्र हलोल जहां उठिधावा॥
धौराहर अस ऊंच वह बिजली कोटि भंपास।
फिरै चक्र जमका तरै पवन न पावै वास॥
तहां सो लीन जवाहिर बासा। औ सब सखी कमलके पासा॥
रहैं सखी सेवा चित दीने। हाथै हाथ चरण वह लीने॥
करैं हुलास सदा सुख भोगू। नहिंजानैं चित लावो सोगू॥

शब्द तहां अधिको रस देई। देश देशकी कथा करेई॥
मिलिगइ एक मते दोउ नारी। मनमें एक तिन्है लगिन्यारी॥
एक कमल जस पंडित ज्ञानी। दूजे मिली वह शब्द सयानी॥
निशि कह भेद कहै यक पासा। दिवस सखिनसंग करें हुलासा॥
जग ऊपर धौरहर बहु सखिन सहस दुइ साथ।
खेल महाआनन्द सों पिता राज सुख हाथ॥
जबते भई संयोग सयानी। देश देश के रूप बखानी॥
जहँलग देशपती सुनि पावा। सुनि बखान मन चाह चलावा॥
जेहि के घर बाहर बर होई। तेहि तेहि पत्र लिखै सब कोई॥
आलमशाह महा सुल्ताना। काहूका पत्र लिखै नहिंमाना॥
फिर गये देशपती सुल्ताना। काहू भेद न पायो जाना॥
फिर गये जहां देश के छाता। और को बान जानही बाता॥
फिर गये कोटिन देश के मीरा। फिर गये जहँ लग क्षत्र घनेरा॥
आलमशाह जो पुरुष अस पूछै मनहिं विचार।
को यहि जोग सुयोग महँ जाहि बियाहूं बार॥
यक दिन गई मांझ कैलासा। धन मुक्ता हर आई पासा॥
कहा समझाय सुनौ सुल्ताना। कोइ जगमहँ नहिं भेस समाना॥
पै बारी घर राखि न जाई। कठिन भार बारी गरुआई॥
बांध समुद्र उठीं नय तीरा। थांभ सकै को बाल शरीरा॥
हमरे अहै न बालक कोई। दिहों ब्याह जो आपन होई॥
कोऊ देश जे अहै सुल्ताना। भोला शाह बेस तुम जाना॥
तिनकह बहिन जो मोर बियाही। बालक अहै एक पुनि ताही॥
हय दिनौर नाम तेहि सम्पति महा सयान।
दीजै बारी ब्याहि तेहि जो मानै सुल्तान॥

धन कर वचन कीन मनमाना। आवै कोइ देवन में पाना॥
निकसी बात जगत लै धावा। भोलाशाह ते जाय जनावा॥
भयो हुलास सबै घर बारा। वेगि किया मंगनी कर चारा॥
बहु पहिराव चढ़ाव निशानी। बैठे मीर महा सो ज्ञानी॥
वस्त्र अमोल भार बहु साथा। पठये चीन पत्र दिये हाथा॥
आये सबै चीन के माहां। आलम शाह पाट पर जाहां॥
आय सबन सो शीश नवावा। दीन पत्र सो बांच सुनावा॥

देखा लोगन कोउ कै बांच पत्र सुख कीन।
आदर कीन अनेक विधि बिहँसि पान कर दीन॥

बीड़ा दीन हुलसि बैठावा। औ सब पंडित वेगि बोलावा॥
पूछा दिन सायत सब लीन्हा। तेहिदिन छापनिशानी कीन्हा॥
दीना दुल्हा केर पहिरावा। दीन द्रव्य जो वरणि न आवा॥
दीना पत्र सो फेर पठावा। दोउदिशि मन्दिरभयो बधावा॥
तीगुन दीन्हा बहुत चढ़ावा। तिलरी दीन्ह औ कंगनचढ़ावा॥
भा मंदिर मह मंगलचारा। कंवल सँवार पाट बैठारा॥
सखिन हुलसि सोहाग जो गावैं। कंवल सँवार चढ़ाव चढ़ावैं॥

सब अभरन भर आय के ओझा आप निशान।
कीनो मंगलचार सब गयो सो जगत बखान॥

भै परमान जो चढ़ी निशानी। बहु हुलास सब जगत बखानी॥
नखत सबै मिलि करैं हुलासा। चन्द्र भये पुनि गगन गरासा॥
रहै जो शशि ऊपर कैलासा। सखिन सबै सोहैं चहुँपासा॥
हाथो हाथ चरण सब लेहीं। भुमि पर पावँ धरै ना देहीं॥
निशिदिन संग रहै पुनि सोई। वही कर्म्म नहिं जानै कोई॥
कमल जो सोच करै मन माहां। अब हम पछाड़िपड़ब धौं काहां॥

अस नैहर कहो इन भर पावो। जाये बिहाये कहा फिर आवो॥

बीति गई आधी निशा सखी गई सब सोय।

जागपड़ी सोवत वहीं सुख सँवरे मन रोय॥

शब्द जो चौंकी निशिदिन रोई। उठ बैठी लागी मिल जोई॥

पूंछी कँवल काहे कुम्हिलाने। कससुखमानि सोवतअकुलाने॥

तुम घरमहँ सब जीव पिराना। कौनवियोग शोक तुममाना॥

सुनो शब्द पूछौं मन माहीं। आपन रहब देखौं सो नाहीं॥

आगे अन्त बिवाह जो होई। तो मोहिं राख सकैना कोई॥

छूटैं सब नैहर की बारी। छूटैं बाप माय महतारी॥

सोइ बिछोह सुमिरि मैं रोई। धौं ससुरारि गये कस होई॥

सुनत नाम ससुरारिको धड़कि उठा ममजीव।

सासनन्द धौं कस मिलै कैस मिलै धौं पीव॥

शब्द कहा सुनि बाल दुलारी। नैहर ते ससुरारि पियारी॥

पै जब प्रेम पीवरस होई। जन्म निबाहि लेय पुनि सोई॥

औ घर सास नन्द भौजाई। गुन औगुन सब लेहिं बनाई॥

तुमगुणवन्त सो कुल उजियारी। मैं दासी तो प्रेम भिखारी॥

कहो तो जाय देखि मैं आऊं। अरथ वहां के बरणि सुनाऊं॥

सुनि सो कँवल गहत विहँसानी। यहिविधिजाब पड़ैनहिंजानी॥

परो न कतहुं सखिन की बेटी। जो मोहिं निज कहैं सब हेटी॥

बिहँसि कहा तबतो शबद मोर पवन करलेख।

घर घर डोलौं रैन दिन कौन सकै मोहिंदेख॥

कबते भई परेवा भेसू। देखन चली कोऊ के देसू॥

कैसे उठी रैन जब ताहीं। भोरहोत पहुँची वह ठाहीं॥

देखत देश औ मीर पहारा। गई सो कोऊ नगर मँझारा॥

हाट बाट देखत निरताई। तब वह मांझ मंदिर के आई॥
देखिस गढ़ गढ़पति अररानी। चाल कुचाल देखि पछिनानी॥
आई जहां गढ़पति की बारा। बिरवा संग खेलै चौंसारा॥
रूप अलोन ज्ञान महँ हीना। गर्बभरा क्यों जाय न चीना॥

ताकर देखा बरण सब हाथ मींज पछिताय।
उठी नगरका छांड़ि सब चीनचली समुहाय॥

भइ अधरात मँदिर का आई। सोवत सखिन वहजागत पाई॥
पूंछा हुलसि कँवल उजियारी। कहौ शब्द सब भेद उघारी॥
और बात कुछ मोहिं न भावै। कहौ बात वर जौन कहावै॥
बोली शब्द कहांकी बाता। मौत पूत सब कीन बिधाता॥
भोले वे जन कीन बसीठा। जिनविपदीन मेलगरमीठा॥
भोले तोर बाप महतारी। भोले बुध जिन राम बिचारी॥
तुम शशिरूप चन्द्र उजियारी। तो करतार कहां लय डारी॥

देश दुवार बरनौ कहा काह पुरुष का नारि।
बरनौ काह कुमार वर फिर्यौ देखि करभारि॥

देश उजाड़ औ लोग गँवारा। चाल कुचाल भाव अँधियारा॥
पंथी पंथ चलत नहिं बांचा। करै न न्याव कोई पुनिसांचा॥
नगर सून जानौ बिन राजा। करता कठिन करै सब काजा॥
दूतन मिला रहै कोतवारा। दिन दुपहर लूटैं बटपारा॥
क्रोध दिवान मंत्र अभिमानी। लोभि भंडार दया बिनरानी॥
भोलाशाह भोग मन लोभा। करै न न्याव रहै नहिं शोभा॥
सुनै न कोऊ दुखीकी बाता। चहै तो यकदिन रहै न छाता॥

देखा ठाकुर नगर अस सेवक चंचल चोर।
देख भोर रोयों बहुत तब देखा वर तोर॥

देखि कोट औ नौ दो द्वारा। धर्म्म दया नहिं एकौ बारा॥
पुनि सो जाय लख्यों गढ़ मांझा। मांझदिवस जानौपुनिसांझा॥
तिरिया करें आप मुंह राई। देखि न सक्यों तक्यों फुलवाई॥
देखौं बैठि तोर भय ताहां। कहूं कहां रोयो मन माहां॥
नाम दिनौर क्रूर अभिमानी। सोहन वह लच्छन मुलतानी॥
रूप अलोन ज्ञान मह कांचा। करै काज नहिं एकौ सांचा॥
मात पिताकी बात न आनै। विश्वा संग कोटि रस जानै॥

लच्छण बारी बैस भै कौन ईश परताप।
तेहिघरजानै जन्मभर कौनसहै सन्ताप॥

सुनि यह बात सूख गइ बारी। चन्द्रवदन होगई अँधियारी॥
आये नीर उमड़ि भरि नैना। गातन सूख रहित भे बैना॥
अब शब्द मैं करहूं काहा। केहिविधि होई जन्म निबाहा॥
मात पितैं मोहिं दीन बहाई। हौं काकरौं मरों बिष खाई॥
दै बिष मोहिं तो अस्त्र कटारी। मरौं सो खायके हिरदै मारी॥
लागै आग दोऊ घर माहीं। जोमोहिंआश जियनकीनाहीं॥
अन्त सो पुनि मरना पै आहै। अभय मरौं कलंक नहिं चाहै॥

हौं सो बारी पिता घर बोलत वचन लजाउँ।
तब मैं बचौं कलंकते प्राण कांप मरजाउँ॥

शब्द कहा सुनि बात सयानी। तुमकस करो सुजीवन हानी॥
तुम बैठो अपने घर माहीं। अबहीं तोरि जानि कुछ नाहीं॥
मैं तो दासी हौं तेहि योगू। मरिहौं तोर प्राण संयोगू॥
सात द्वीप धन तोह असनाहीं। तैस मिलावौं जग उपराहीं॥
कहा कँवल यह बात अपारा। मात पिताका मेटनहारा॥
को सब नारि करै अस कोई। को दुख मोर संघाती होई॥

कहा शब्द मैं परी कि बारी। आयनोकरौं जाउँ जिवधारी॥

देखा कौतुक दई के कियाचहै कुछ कीन।
सोच न मानो मनहिं तुम रहो दई लौलीन॥

तब धन बिहँसि दीन करपाना। हाथ तुम्हार दियों मैं प्राना॥
भावै बेगि सों आन जलावहु। भावै यहितन छार मिलावहु॥
देखो मिलै कंत जेहि देशा। प्रथमहि आन कियो संदेशा॥
तब पुनि शब्द जौन के पाऊं। तिन लैजाउँ प्रान यहि ठाऊं॥
भई जो तबै परेवा भेसू। चली सो पीव हरन सब देसू॥
प्रथमै महा द्वीपका धाई। देखिस सबै द्वीप निरथाई॥
कनक द्वीपका कीन पयाना। देखिस वीर सबै अस्थाना॥

देखि द्वीप कम अस्थले मनुष वीर तेहि माथ।
धाई दिया द्वीपका पड़ी अगम औ गाथ॥

देखिस दया रूप उजियारा। तेहूं न पायसि प्रेम पियारा॥
सगर अहीरस लंग समीपा। गई नांघ वह सिंहलद्वीपा॥
सब उजार नहिं वह बन कोई। मिला न अन्त हार तब रोई॥
जम्बूद्वीप पयानह कीन्हा। चलि वहद्वीप आयपगदीन्हा॥
सिंहल से पुनि कीन्ही फेरा। आय सरान्द्वीप सब हेरा॥
प्रथमै देश दखिन सब हेरा। आय बँगाले कीन्ह बसेरा॥
जवनपूर देहली अस्थाना। हेरिस काबुल औमुल्ताना॥

ठट्ठा भखर कंजनी और ईरान अस्थान।
देखिफिरीपुनिचहुंदिशाआइबलखनियरान॥

आई बलखराय वह जाना। रूमशहर का कीन्ह पयाना॥
रूमशहर नेरे भय जाई। बैठ वृक्षतर लग सहताई॥
ततखन पांखन हंस उड़ाई। सबै परे वा बन महँ आई॥

सब मिलि चरण भोर हरषाई। शब्दसुभाय मिली तिनआई॥
सब पांखिन आदर कै लीन्हा। आपनिजाति जातिकेचीन्हा॥
पूंछा पखिन कहां कहँ खेली। कसबनमहँतोयफिरसिअकेली॥
का तो नावँ रहेसि केहि गाऊं। कौने काज फिरेसि सब ठाऊं॥
कहेसिके नानौ शब्द मम भयों कुबुद्धि सेवाय।
छाड्यों देश सुदेश वह रह्यों कुदेश भुलाय॥
जेहि हेर्यों तेहि कतहुं न पायों। जन्म अकारथ खोय गँवायों॥
फिरौं उदास जगत के माहां। मीत न कोई जावँ केहिपाहां॥
जन्म सेरान न पूजी आसा। फिरौं उदास जाउं केहिपासा॥
पंखी कहा जगत कर लेखा। जन्म पाय तन दुख सुखलेखा॥
दुख सुख संघ सबै यह देहा। छोटे पंथ होय जब घेहा॥
अबक्षण चलो सो अस्थलमाहां। सेवा करन मीत कह ताहां॥
जो फिर शब्द सुना यह बाता। तोसँग चली भयो मन राता॥
मिला साथ पंखिन के सब मिलि कीन उठान।
छांड़ि चराई बीच बन गई जहां अस्थान॥
पहुंची जाय मँदिर नियराना। ऊपर तेहि पंखी अस्थाना॥
लागीं करन शब्द की सेवा। बैठे चहुंदिशि पांख परेवा॥
ततखन आय हंस लै चारा। जानौ उदय भानु उजियारा॥
पै मन सोच उदासी रंगा। तैं आयसि मन दीप पतंगा॥
देखा शब्द रूप तेहि केरा। गा दुख भूज दरश जब हेरा॥
भूलगयो दुख जिनलौ झेला। पायसि जगकर मोलअकेला॥
दुख और पाप दीन्ह मैं भागा। गा भव छूट नेह जब लागा॥
भा चकचोहट मनहिं मा केहि विधि भेंटौं हाथ।
जो यहि प्रेम बढ़ावहूं लै उभर्यों पुनि साथ॥